प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
राजकीय/अनुदानित/ निजी पॉलिटेक्निक संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

सं0-I/208214/2025 जे0-109-प्रशा0(रैगिंग) दिनांक: 14-07-2025

**विषय: शैक्षिक सत्र 2025-26 के संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में दिशा-निर्देश।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ होने जा रहा है। इस क्रम में समस्त राजकीय, अनुदानित एवं निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्यों को निम्नलिखित बिंदुओं के अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना अपेक्षित है:

1. कक्षाओं का संचालन:
   द्वितीय एवं अंतिम वर्ष की कक्षाओं का संचालन दिनांक 15 जुलाई 2025 से प्रारंभ किया जाएगा।
2. औद्योगिक प्रशिक्षण उपरांत उपस्थिति:
   वे छात्र जो परीक्षा के उपरांत औद्योगिक प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहे हैं, उन्हें 25 जुलाई 2025 तक अनिवार्य रूप से संस्थान में कक्षाओं हेतु उपस्थित होना होगा।केवल उन्हीं छात्रों को कक्षाओं में प्रवेश दिया जाएगा जो 25 जुलाई 2025 तक अपना औद्योगिक प्रशिक्षण प्रमाणपत्र संस्थान में प्रस्तुत करेंगे।
3. प्रथम वर्ष की कक्षाएं:
   नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की कक्षाएं 01 अगस्त 2025 से आरंभ की जाएंगी।
4. छात्र स्वागत एवं शैक्षणिक वातावरण:
   शासन के निर्देशानुसार समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त पॉलिटेक्निक संस्थानों में नव शैक्षिक सत्र के प्रारंभ दिवस पर छात्र-छात्राओं का उत्साहपूर्वक स्वागत सुनिश्चित किया जाए, जिससे उनमें नव उर्जा एवं सकारात्मक वातावरण का संचार हो। साथ ही, संस्थानों में गुणवत्तापरक शैक्षणिक वातावरण के निर्माण हेतु शैक्षणिक गतिविधियों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया जाए तथा विधार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं कौशल विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए।
5. रैगिंग की रोकथाम एवं छात्र सहायता:
   यह सुनिश्चित किया जाए कि संस्थान में नव प्रवेशित अथवा पूर्व से अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को प्रवेश प्रक्रिया, पठन-पाठन, छात्रावास व्यवस्था, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, कक्षा संचालन अथवा किसी अन्य शैक्षणिक अथवा प्रशासनिक सुविधा से संबंधित कोई असुविधा

न हो। सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व तैयारी के साथ इस प्रकार सुनिश्चित की जाएं कि छात्र-छात्राओं को संस्थान में प्रवेश के प्रथम दिन से ही एक सुगठित, समन्वित एवं सहयोगात्मक वातावरण प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संस्थान परिसर में रैगिंग से संबंधित कोई भी अप्रिय घटना किसी भी स्थिति में न घटित हो। रैगिंग निषेध हेतु एआईसीटीई तथा निदेशालय द्वारा समय-समय पर निर्गत मानक दिशा-निर्देशों, अधिसूचनाओं एवं अधिनियमों का अक्षरशः पालन किया जाए। इस हेतु प्रत्येक संस्थान में एंटी रैगिंग समिति एवं एंटी रैगिंग स्क्वॉड का गठन सक्रिय रूप से किया जाए तथा उसके क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा की जाए।सभी संस्थानों में रैगिंग विरोधी चेतावनी पत्रक/सूचना बोर्ड प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं एवं छात्रावासों, कक्षाओं, पुस्तकालयों एवं कैंपस में सीसीटीवी की प्रभावी निगरानी हो।

उक्त के अतिरिक्त, शैक्षिक सत्र 2025-26 से संबंधित अन्य समस्त क्रियाकलाप शासनादेश संख्या I/869158/2025/16-3099/12/2019, दिनांक 03.02.2025(छायाप्रति संलग्न) के अनुसार यथावत संचालित किए जाएंगे।

Digitally signed by KAMLESH MANI
Date: 14-07-2025 17:40:48

भवदीय,

(कमलेश मणि)
सहायक निदेशक,
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

<u>संख्या व दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1- अनुसचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-3, लखनऊ।
2- निजी सचिव, सचिव/महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3- निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर।
4- सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ को इस आशय से कि अपने स्तर से भी निजी क्षेत्र की संस्थाओं को सूचित करने का कष्ट करें।
5- सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
6-संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र, लखनऊ/पूर्वी क्षेत्र, वाराणसी/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला, मेरठ/बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झांसी को इस आशय से प्रेषित कि आप अपने स्तर से भी क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्थाओं के प्रधानाचार्य को निर्देशित करने का कष्ट करें।

(कमलेश मणि)
सहायक निदेशक,
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।

